an>

Title: Need to review the shifting of Air India Office from Mumbai to Delhi.

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम) ः वर्ष 2007 में एयर इण्डिया और इण्डियन एयर लाइन का विलय सिर्फ कागजों पर हुआ लेकिन इतने सालों बाद भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। मुम्बई स्थित एयर इण्डिया का कार्यालय दिल्ली के इण्डियन एयर लाइन्स की कमज़ोर एवं जर्जर हो चुकी इमारत में शिफ्ट किया गया है। अतः विलय समझौते के अनुसार एयर इण्डिया का कार्यालय मुम्बई में ही रहने दिया जाए। एयर इण्डिया में भ्रष्ट अधिकारियों की जांच न करते हुए उनकी पुनर्नियुक्ति करना अनुचित है। पर्चेजिंग टेण्डरिंग में गड़बड़ियां तथा पदोन्नति नीतियों में धाँधली कीट उच्च स्तरीय समिति का गठन कर जांच करानी चाहिए।